>

Title: Regarding setting upf of AIIMS in Ashok Nagar in Madhya Pradesh.

श्री कृष्ण पाल सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना में तीन जिले आते हैं – शिवपुरी, गुना और अशोक नगर और आठ विधान सभा क्षेत्र आते हैं। वहां की जनसंख्या 20 लाख से ऊपर है और 17 लाख वोटर्स हैं, लेकिन इन जिलों के 150 से 200 किलोमीटर के एरिया में कोई भी बड़ा मल्टी-स्पेशियिल्टी हॉस्पिटल नहीं है। यहां के नागरिकों को अपने इलाज के लिए भोपाल, इन्दौर, कोटा या झांसी जाना पड़ता है।

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से, माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से मेरा अनुरोध है, विनम्र आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अशोक नगर जिले में एम्स की एक शाखा खोलने की कृपा करें।